
**NEWS CLIPPING:23.10.2021**

# PUNJAB KESARI

## 'संवाद भारतीय संस्कृति की मूल विशेषता'



*हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला की पुस्तक 'संवाद का स्वराज' का लोकार्पण करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण।*

फरीदाबाद, 22 अक्तूबर (पूजा शर्मा): अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सभी अधिकारों की जननी मानी जाती है। अगर भारतीय परिप्रेक्ष्य में बात की जाए तो यहाँ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता न सिर्फ अधिकार है बल्कि भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता भी रही है। ये विचार हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला ने बतौर मुख्य अतिथि जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आयोजित अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा भारतीय दृष्टि' राष्ट्रीय संगोष्ठी में रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की।

इस उपलक्ष में प्रो. कुठियाला द्वारा लिखित पुस्तक 'संवाद का स्वराज' का लोकार्पण भी किया गया। प्रभात प्रकाशक द्वारा प्रकाशित इस 184 पन्नों की पुस्तक में कुल 27 अध्याय है। प्रो. कुठियाला ने कहा कि अभिव्यक्ति केवल अधिकार नहीं, अपितु समग्र मानव संवाद है जो एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसे प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता। प्रो. बृज किशोर कुठियाला ने कहा कि लोकतंत्र एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। इससे पहले, कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रबुद्ध भारतीय चिंतक एवं वरिष्ठ समाजसेवी नरेंद्र ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र और अभिव्यक्ति के पूरकता के संबंध को स्वीकार करते हुए बढ़ावा देने की आवश्यकता है, ताकि राष्ट्र लगातार प्रगति के रास्ते पर अग्रसर हो सके, समाज समावेशी बने एवं विश्व में भारतीय संविधान जो कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रा हेतु प्रसिद्ध है, की गरिमा बरकरार रहे।

विशिष्ट वक्ता भारतीय जनसंचार संस्थान दिल्ली के महानिदेशक प्रो. डॉ. संजय द्विवेदी ने कहा कि भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, यहाँ एक स्वतंत्र संस्कृति से ही संभव हो पाई है।भारतीय संस्कृति और दर्शन प्राकृतिक रूप से सहभागी है।

**NEWS CLIPPING:23.10.2021**

# AMAR UJALA



हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्षं प्रो. बृज किशोर कुठियाला की पुस्तक संवाद का स्वराज का लोकार्पण करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण।

## 'संवाद का स्वराज' का लोकार्पण

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला की लिखी पुस्तक 'संवाद का स्वराज' का जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए में विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस दौरान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा भारतीय दृष्टि पर संगोष्ठी भी हुई। इस 184 पन्नों की पुस्तक में कुल 27 अध्याय हैं। इस दौरान भारतीय जनसंचार संस्थान दिल्ली के महानिदेशक प्रो. डॉ. संजय द्विवेदी विशिष्ट वक्ता थे। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING:23.10.2021**

# AAJ SAMAAJ


# जेसी बोस विवि के पूर्व छात्र मिलन समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

**आज समाज नेटवर्क**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 23 अक्टूबर को जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के पूर्व छात्र मिलन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय में लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले दीनदयाल उपाध्याय ज्ञान संसाधन केन्द्र की आधारशिला भी रखेंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री महान भारतीय वैज्ञानिक आचार्य जगदीश चंद्र बोस की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, जिनके नाम पर विश्वविद्यालय का नामकरण उनके द्वारा वर्ष 2017 में किया गया था। मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय में सुविधाओं और विभिन्न विकास परियोजनाओं का भी जायजा लेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के साथ संवाद करेंगे और पूर्व छात्र मिलन समारोह (एलुमनाई मीट) को संबोधित करेंगे। इस समारोह में ब्रिज कोर्स के छात्रों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये जायेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष में पूर्ववर्ती



वाईएमसीए इंजीनियरिंग संस्थान के डिप्लोमा धारकों को डिग्री पूरी करने के विशेष अवसर के रूप में ब्रिज कोर्स की शुरूआत की गई थी और लगभग 200 से अधिक पूर्व छात्रों ने इस विशेष अवसर का लाभ उठाया है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2017 में विश्वविद्यालय का दौरा किया गया था। इस दौरे में मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय का नाम जगदीश चंद्र बोस के नाम पर रखने और विश्वविद्यालय को इसके दूसरे परिसर के लिए भूमि आवंटित करने की घोषणा की थी। साथ ही, उन्होंने विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी थी। मुख्यमंत्री द्वारा रखी गई सभी विकास परियोजनाओं का हाल ही में उद्घाटन किया गया है। इसी तरह नाम परिवर्तन और दूसरे परिसर के लिए भूमि आवंटन को लेकर उनके द्वारा की गई घोषणाओं को भी पूरा कर लिया गया है।

**NEWS CLIPPING:23.10.2021**

# HADOTI ADHIKAR


# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

## रखेंगे दीनदयाल उपाध्याय ज्ञान संसाधन केन्द्र की रखेंगे

**अधिकार संवाददाता**

फरीदाबाद, 22 अक्टूबर। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल कल 23 अक्टूबर को जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए के पूर्व छात्र मिलन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय में लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले दीनदयाल उपाध्याय ज्ञान संसाधन केन्द्र की आधारशिला भी रखेंगे।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री महान भारतीय वैज्ञानिक आचार्य जगदीश चंद्र बोस की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, जिनके नाम पर विश्वविद्यालय का नामकरण उनके द्वारा वर्ष 2017 में किया गया था। मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय में सुविधाओं और विभिन्न विकास परियोजनाओं का भी जायजा लेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के साथ संवाद करेंगे और पूर्व छात्र मिलन समारोह (एलुमनाई मीट) को संबोधित करेंगे। इस समारोह में ब्रिज कोर्स के छात्रों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये जायेंगे। विश्वविद्यालय



द्वारा स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष में पूर्ववर्ती वाईएमसीए इंजीनियरिंग संस्थान के डिप्लोमा धारकों को डिग्री पूरी करने के विशेष अवसर के रूप में ब्रिज कोर्स की शुरूआत की गई थी और लगभग 200 से अधिक पूर्व छात्रों ने इस विशेष अवसर का लाभ उठाया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2017 में विश्वविद्यालय का दौरा किया गया था। इस दौरे में मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय का नाम जगदीश चंद्र बोस के नाम पर रखने और विश्वविद्यालय को इसके दूसरे परिसर के लिए भूमि आवंटित करने की घोषणा की थी।

**NEWS CLIPPING:23.10.2021**

# HINDUSTAN

जेसी. बोस विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचेंगे मुख्यमंत्री, विश्वविद्यालय की विकास परियोजनाओं का लेंगे जायजा

## मुख्यमंत्री आज दीनदयाल उपाध्याय ज्ञान संसाधन केंद्र की आधारशिला रखेंगे

कार्यक्रम

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज जे.सी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के पूर्व छात्र मिलन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय में लगभग 13 करोड़ की लागत से बनने वाले दीनदयाल उपाध्याय ज्ञान संसाधन केंद्र की आधारशिला भी रखेंगे।

शुक्रवार को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री महान भारतीय वैज्ञानिक आचार्य जगदीश चंद्र बोस की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, जिनके नाम पर विश्वविद्यालय का नामकरण उनके द्वारा वर्ष 2017 में किया गया था। मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय में सुविधाओं और विभिन्न विकास परियोजनाओं का भी जायजा लेंगे।

**अनुसंधान को बढ़ावा देने की तैयारी :** प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि इस समारोह के दौरान विश्वविद्यालय कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के दायरे में आने वाले उद्योग सहयोगियों को विश्वविद्यालय के विकास में भागीदार बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रहा है, जिससे सरकारी राजकोष पर विश्वविद्यालय की निर्भरता कम होगी। इस संबंध में विस्तार से बताते हुए प्लेसमेंट एंड कॉरपोरेट अफेयर्स के डीन प्रो विक्रम सिंह ने बताया कि इस समारोह के मंच का उपयोग विश्वविद्यालयएक फंड रेजिंग इवेंट के रूप में भी करने जा रहा है जो भारत सरकार द्वारा हाल में लिये गये उस निर्णय का अनुसरण है। इसमें सरकार द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के दायरे का विस्तार किया गया है। साथ ही कॉरपोरेट को सरकारी अनुदान प्राप्त इन्क्यूबेटर या विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं चिकित्सा में अनुसंधान करने वाले विश्वविद्यालयों में सीएसआर निवेश की अनुमति दी है, ताकि देश में अनुसंधान और इनोवेशन को विकसित किया जा सके।

### ब्रिज कोर्स के छात्रों को प्रमाणपत्र देंगे

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के साथ संवाद करेंगे और पूर्व छात्र मिलन समारोह (एलुमनाई मीट) को संबोधित करेंगे। इस समारोह में ब्रिज कोर्स के छात्रों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे। विश्वविद्यालय द्वारा स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष में पूर्ववर्ती वाईएमसीए इंजीनियरिंग संस्थान के डिप्लोमाधारकों को डिग्री पूरी करने के विशेष अवसर के रूप में ब्रिज कोर्स की शुरुआत की गई थी और लगभग 200 से अधिक पूर्व छात्रों ने इस विशेष अवसर का लाभ उठाया है।

**200** से अधिक पूर्व छात्र ब्रिज कोर्स का उठा चुके लाभ

### मुख्यमंत्री ने 2017 में भी विश्वविद्यालय का किया था दौरा

इससे पहले मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 में विश्वविद्यालय का दौरा किया गया था। इस दौरे में मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय का नाम जगदीश चंद्र बोस के नाम पर रखने और विश्वविद्यालय को इसके दूसरे परिसर के लिए भूमि आवंटित करने की घोषणा की थी। साथ ही उन्होंने विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी थी। मुख्यमंत्री द्वारा रखी गई सभी विकास परियोजनाओं का हाल ही में उद्घाटन किया गया। इसी तरह नाम परिवर्तन और दूसरे परिसर के लिए भूमि आवंटन को लेकर उनके द्वारा की गई घोषणाओं को भी पूरा कर लिया गया है।

**NEWS CLIPPING:23.10.2021**

# PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र मिलन समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

फरीदाबाद, 22 अक्तूबर (ब्यूरो): हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 23 अक्टूबर को जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के पूर्व छात्र मिलन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय में लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले दीनदयाल उपाध्याय ज्ञान संसाधन केन्द्र की आधारशिला भी रखेंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री महान भारतीय वैज्ञानिक आचार्य जगदीश चंद्र बोस की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, जिनके नाम पर विश्वविद्यालय का नामकरण उनके द्वारा वर्ष 2017 में किया गया था। मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय में सुविधाओं और विभिन्न विकास परियोजनाओं का भी जायजा लेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के साथ संवाद करेंगे और पूर्व छात्र मिलन समारोह (एलुमनाई मीट) को संबोधित करेंगे। इस समारोह में ब्रिज कोर्स के छात्रों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये जायेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष में पूर्ववर्ती वाईएमसीए इंजीनियरिंग संस्थान के डिप्लोमा धारकों को डिग्री पूरी करने के विशेष अवसर के रूप में ब्रिज कोर्स की शुरूआत की गई थी और लगभग 200 से अधिक पूर्व छात्रों ने इस विशेष अवसर का लाभ उठाया है।

प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि इस समारोह के दौरान विश्वविद्यालय कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के दायरे में आने वाले उद्योग सहयोगियों को विश्वविद्यालय के विकास में भागीदार बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रहा है, जिससे सरकारी राजकोष पर विश्वविद्यालय की निर्भरता कम होगी।

इस संबंध में विस्तार से बताते हुए प्लेसमेंट एंड कॉरपोरेट अफेयर्स के डीन प्रो विक्रम सिंह ने बताया कि इस समारोह के मंच का उपयोग विश्वविद्यालयएक फंड रेजिंग इवेंट के रूप में भी करने जा रहा है जो भारत सरकार द्वारा हाल में लिये गये उस निर्णय का अनुसरण है, जिसमें सरकार द्वारा कॉरपोरेट सोशन रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के दायरे का विस्तार किया गया है और कॉरपोरेट को सरकारी अनुदान प्राप्त इन्क्यूबेटर या विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं चिकित्सा में अनुसंधान करने वाले विश्वविद्यालयों में सीएसआर निवेश की अनुमति दी है ताकि देश में अनुसंधान और इनोवेशन को विकसित किया जा सके। जे.सी. बोस विश्वविद्यालय, जोकि सरकार से वित्त पोषित एक विश्वविद्यालय है और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग में अनुसंधान एवं इनोवेशन के क्षेत्र में कार्यरत है, उद्योग द्वारा सीएसआर निवेश के लिए योग्य है। उद्योगों द्वारा सीएसआर निवेश से विश्वविद्यालय में अनुसंधान एवं नवाचार गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2017 में विश्वविद्यालय का दौरा किया गया था। इस दौरे में मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय का नाम जगदीश चंद्र बोस के नाम पर रखने और विश्वविद्यालय को इसके दूसरे परिसर के लिए भूमि आवंटित करने की घोषणा की थी। साथ ही, उन्होंने विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी थी। मुख्यमंत्री द्वारा रखी गई सभी विकास परियोजनाओं का हाल ही में उद्घाटन किया गया है।

**NEWS CLIPPING:23.10.2021**

# PUNJAB KESARI

## जेसी बोस विवि के पूर्व छात्र मिलन समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी): हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 23 अक्टूबर को जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के पूर्व छात्र मिलन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय में लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले दीनदयाल उपाध्याय ज्ञान संसाधन केन्द्र की आधारशिला भी रखेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री महान भारतीय वैज्ञानिक आचार्य जगदीश चंद्र बोस की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, जिनके नाम पर विश्वविद्यालय का नामकरण उनके द्वारा वर्ष 2017 में किया गया था। मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय में सुविधाओं और विभिन्न विकास परियोजनाओं का भी जायजा लेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के साथ संवाद करेंगे और पूर्व छात्र मिलन समारोह को संबोधित करेंगे। इस समारोह में ब्रिज कोर्स के छात्रों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये जायेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष में पूर्ववर्ती वाईएमसीए इंजीनियरिंग संस्थान के डिप्लोमा धारकों को डिग्री पूरी करने के विशेष अवसर के रूप में ब्रिज कोर्स की शुरूआत की गई थी और लगभग 200 से अधिक पूर्व छात्रों ने इस विशेष अवसर का लाभ उठाया है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2017 में विश्वविद्यालय का दौरा किया गया था। इस दौरे में मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय का नाम जगदीश चंद्र बोस के नाम पर रखने और विश्वविद्यालय को इसके दूसरे परिसर के लिए भूमि आवंटित करने की घोषणा की थी।

पंजाब केसरी
www.Punjabkesari.com
Sat, 23 October 2021
mpaper.punjabkesari.com/c/639

**NEWS CLIPPING:23.10.2021**

# NAVBHARAT TIMES

## सीएम आज जेसी बोस के पूर्व छात्र मिलन समारोह में होंगे शामिल

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के शनिवार को होने वाले पूर्व छात्र मिलन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल होंगे। मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय में 13 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले दीनदयाल उपाध्याय ज्ञान संसाधन केन्द्र की आधारशिला भी रखेंगे।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री महान भारतीय वैज्ञानिक आचार्य जगदीश चंद्र बोस की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, जिनके नाम पर विश्वविद्यालय का नामकरण उनके द्वारा वर्ष 2017 में किया गया था। मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय में सुविधाओं और विभिन्न विकास परियोजनाओं का भी जायजा लेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के साथ संवाद करेंगे और पूर्व छात्र मिलन समारोह (एलुमनाई मीट) को संबोधित करेंगे। इस समारोह में ब्रिज कोर्स के छात्रों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये जायेंगे।